# नर्मदांचल

नवभारत

भोपाल, सोमवार 27 जुलाई 2026




# बुजुर्ग से 5 साल के बच्चे तक मैराथन में दौड़े

## 8वीं पचमढ़ी मानसून मैराथन में 1600 से अधिक धावकों ने बनाया नया रिकॉर्ड

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 26 जुलाई. मध्यप्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल पचमढ़ी में रविवार को आयोजित 8वीं पचमढ़ी मानसून मैराथन-2026 उत्साह, रोमांच और खेल भावना का अद्भुत संगम बन गई.**

मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन एवं एडवेंचर्स एंड यू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित मैराथन में देश-विदेश के करीब 1800 धावकों ने भाग लेकर नया रिकॉर्ड बनाया. विशेष बात यह रही कि लगभग 4 वर्ष के मासूम बच्चे से लेकर 84 वर्ष के वरिष्ठ प्रतिभागी तक ने दौड़ में हिस्सा लेकर फिटनेस और स्वस्थ जीवन का प्रेरक संदेश दिया.

मैराथन का शुभारंभ नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने फ्लैग ऑफ कर किया. आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ स्वीडन, मंगोलिया, पेरू और अमेरिका से आए अंतरराष्ट्रीय धावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पचमढ़ी की पहचान वैश्विक खेल एवं पर्यटन मानचित्र पर और सशक्त हुई.



प्रतियोगिता चार श्रेणियों—42 किलोमीटर फुल मैराथन, 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर रन और 5 किलोमीटर फन रन—में आयोजित की गई. सुबह 6 बजे से आयोजन की शुरुआत हुई. 42 किलोमीटर और 21 किलोमीटर वर्ग के धावकों ने क्रमशः सुबह 6:00 बजे एवं 6:45 बजे दौड़ प्रारंभ की, 10 किलोमीटर वर्ग की दौड़ 7:45 बजे तथा 5 किलोमीटर फन रन सुबह 8:00 बजे शुरू हुई.सबसे अधिक आकर्षण 42 किलोमीटर की फुल मैराथन का रहा, जिसमें धावकों ने सतपुड़ा की ऊंची-नीची पहाड़ियों और चुनौतीपूर्ण मार्गों पर अपनी शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया. मैराथन में धावकों ने 'रन फ़ॉर टाइगर' और 'प्लास्टिक फ्री पचमढ़ी' का संदेश भी दिया. प्रतिभागियों ने वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्ति का संकल्प लेते हुए लोगों को प्रकृति के संरक्षण तथा स्वच्छ पर्यटन स्थलों के निर्माण के लिए जागरूक किया

मैराथन में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई. सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक राखी नंदा ने स्वयं 5 किलोमीटर दौड़ में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया.

### रिमझिम बारिश में हुआ रोमांच

मानसून की रिमझिम बारिश, धुंध से आच्छादित पर्वत श्रृंखलाओं और हरियाली से भरपूर प्राकृतिक वातावरण ने प्रतिभागियों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया. धावकों ने कहा कि पचमढ़ी की वादियों में दौड़ना उनके लिए किसी रोमांचक साहसिक यात्रा से कम नहीं था. सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करते हैं. उन्होंने मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी.

# अवैध शराब मामले में फरार शुभम गिरफ्तार

- आरोपी लंबे समय से पुलिस को दे रहा था चकमा
- अवैध शराब के विरुद्ध चल रहा है निरंतर अभियान

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 26 जुलाई. थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी शुभम माहुले को गिरफ्तार कर लिया है.**

थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की.

पुलिस के अनुसार, पूर्व में मुखबिर की सूचना पर रविशंकर मार्केट स्थित शुभम माहुले के ठिकाने पर दबिश देकर 9 पेटी (करीब 80 लीटर) देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई थी. जब्त शराब की अनुमानित कीमत 20 हजार बताई गई है.हालांकि, उस



दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया था. घटना के बाद से कोतवाली पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी. 25 जुलाई 2026 को साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी शुभम माहुले पिता रमेश चंद्र माहुले, निवासी रविशंकर मार्केट, थाना कोतवाल को गिरफ्तार कर लिया. इस कार्रवाई में टीआई गौरव सिंह बुंदेला, उपनिरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक अजमेश चंद्रोल, प्रधान आरक्षक रितेश यादववंशी तथा आरक्षक धर्मेंद्र परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## एक नजर में




### बाघ दिवस पर निकली जागरुकता रैली

**हरदा, 26 जुलाई.** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर वन मंडल हरदा द्वारा रविवार को शहर में जागरूकता रैली निकाली गई. जिला वन मंडल अधिकारी श्रीमती ज्योति मुड़िया ने राकेश लहरी एवं ब्लॉक समन्वयक खेल विभाग के साथ रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली हंडिया-खंडवा बायपास स्थित वन विभाग परिसर से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर, यातायात थाना, जिला पंचायत, मंडी चौक, नेहरू स्टेडियम और सनफ्लावर स्कूल सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः वन विभाग कार्यालय पहुंची. रैली में शामिल विद्यार्थियों ने 'बाघ की रक्षा कौन करेगा? हम करेंगे' और 'हम सबका एक ही नारा, पर्यावरण संरक्षण करना' जैसे नारों के माध्यम से वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. रैली में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं, यातायात थाना के प्रधान आरक्षक महेश शर्मा, राजेश काजले तथा वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया. इस दौरान आमजन को बाघ संरक्षण, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया.



### भारतीय सिंधु सभा के जिलाध्यक्ष्य बने संजय लोकवाणी

**हरदा, 26 जुलाई.** भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश वाधवानी एवं मध्य प्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी के निर्देशक तथा प्रदेश उपाध्यक्ष लालचंद लालवानी के सिंधी सेवा भवन आगमन पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की आरती से हुआ. इस अवसर पर समाज में सिंधी भाषा के संरक्षण, आपसी एकता, पारिवारिक मूल्यों एवं सामाजिक पर्वों को निरंतर मनाने का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल तेजवानी एवं नानकराम लोकवाणी सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे. नर्मदापुरम संभाग प्रभारी सुनील छाबड़ा ने बताया कि संगठन ने संजय लोकवाणी को भारतीय सिंधु सभा हरदा का जिलाध्यक्ष तथा कमलेश मेठवानी को जिला महामंत्री नियुक्त किया है. इस नियुक्ति पर समाजजनों ने दोनों पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं.

### प्रदीप बने मोदी सपोर्टर सेवा समिति के प्रदेश महासचिव

**हरदा, 26 जुलाई.** टीम मोदी सपोर्टर सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष हिर्देश पुरी गोस्वामी द्वारा हरदा निवासी प्रदीप पटेल को समिति का प्रदेश महासचिव (मध्य प्रदेश) नियुक्त किया गया. इस संबंध में उन्हें नियुक्ति पत्र एवं परिचय पत्र जारी किया गया .नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण लाल चौबे के निर्देशानुसार की गई. प्रदेश अध्यक्ष हिर्देश पुरी गोस्वामी ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदीप पटेल संगठन की विचारधारा एवं जनसेवा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे .प्रदेश महासचिव नियुक्त होने पर प्रदीप पटेल ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तथा समाजहित और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देंगे.

# कांग्रेस सेवादल ने ध्वज वंदन कर दिया सेवा का संदेश

- सेवादल ने राष्ट्र के प्रति भक्ति का आव्हान किया
- सेवादल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कांग्रेस को बताया रीढ़

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम,26 जुलाई. नगर कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में शनिवार को मालाखेड़ी स्थित बढ़ तिराहा पर भूतपूर्व सैनिक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय सिंह राठौर की अध्यक्षता में ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में कांग्रेस सहित सेवादल कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्रध्वज को नमन किया.**

कार्यक्रम के संयोजक एवं नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष



सलीम खान ने कहा कि कांग्रेस सेवादल महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित संगठन है, जो सेवा, त्याग और अनुशासन की भावना को समाज में मजबूत करने का कार्य करता है.अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय सिंह राठौर ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्येक आंदोलन और जनहित कार्यक्रम में सेवादल के कार्यकर्ता अनुशासन एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाते रहे हैं.

वरिष्ठ नेताओं शरीफ राइन, मधुसूदन यादव, शिवमंगल सिंह चौहान, अजीत बिष्ट, चंद्रगोपाल मलैया, अनोखीलाल राजोरिया, अजय दुबे, राजेंद्र दोहरे, कुलदीप राठौर, दीपक सिसोदिया, सूरज तिवारी, राकेश शर्मा, ब्रजेश पटेल 'बंटी', मनमोहन अहिरवार, अजहर खान, संतोष तोमर, गुमान सिंह मांडले एवं संतोष अहिरवार सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए युवाओं से सेवादल से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया.

> इस अवसर पर जिला सेवादल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने सेवादल को कांग्रेस की रीढ़ बताते हुए संगठन की सेवा भावना पर प्रकाश डाला. सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी गज्जू ने कहा कि ध्वज वंदन राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है. पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येन्द्र फौजदार ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया.




# 24 हजार गायत्री मंत्रों के साथ सामूहिक जाप और यज्ञ संपन्न

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 26 जुलाई. गायत्री परिवार के तत्वावधान में रविवार को मालाखेड़ी स्थित कलेक्टर बंगले के समीप सरोज एवं उमेश कमलपुरिया के निवास पर 24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक जाप एवं एक कुंडीय गायत्री यज्ञ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजनों एवं क्षेत्रवासियों ने सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया. यज्ञ के उपरांत समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से संतोष यादव के नेतृत्व में नशा मुक्ति रैली निकाली गई. रैली के माध्यम से युवाओं एवं नागरिकों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, संस्कारित एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया गया.कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर के नवांकुर अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों को सीड बॉल वितरित किए गए, ताकि अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित किया जा सके.

यज्ञ का वैदिक कर्मकांड उषा मालवीय, विनीता सोनी, माया ठाकुर एवं दमयंती मालवीय ने संपन्न कराया.इस अवसर पर धनपाल सिंह राजपूत, रामकुमार सोनी, परमानंद मालवीय, केशव प्रसाद मांगरोल, बसंत मलैया आदि उपस्थित रहे.

# आर्थिक चुनौतियों के दौर में स्वदेशी ही देश की ताकत

- विजय दिवस पर स्वदेशी जागरण मंच में कार्यक्रम
- व्यापारिक नीतियों को प्रतिस्पर्धा से लड़ने पर जोर

नवभारत न्यूज

**हरदा, 26 जुलाई. कारगिल विजय दिवस पर स्वदेशी जागरण मंच की जिला बैठक में कारगिल के शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई.**

इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों ने आगामी 1 से 20 अगस्त तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान 'मैं भी स्वदेशी समर्थक



हूं' की रूपरेखा पर चर्चा की. बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. एल.एन. पाराशर ने कहा कि आज का आर्थिक युद्ध सीमाओं पर नहीं, बल्कि व्यापारिक नीतियों और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के माध्यम से लड़ा जा रहा है. ऐसे समय में स्वदेशी का ब्रह्मास्त्र ही देश की आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता का आधार बन सकता है.प्रांतीय अधिकारी रविलाल पटेल के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में अभियान में जिले के स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों, व्यापारियों, ग्राम पंचायतों, नागरिकों को जोड़कर लगभग एक लाख लोगों से 'मैं भी स्वदेशी समर्थक हूं' का संकल्प दिलाने का लक्ष्य तय किया गया.

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

**हरदा.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरदा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो. मनीषा चौहान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा गायकवाड़ ने कारगिल युद्ध, ऑपरेशन विजय और शहीदों के सर्वोच्च बलिदान पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य रामदयाल मकवाना ने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का आह्वान किया।

# एटीएम कार्ड बदलकर महिला के खाते से निकाले 1.20 लाख

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 26 जुलाई. जिले में साइबर अपराध और एटीएम ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. ताजा मामलों में शहर के मारुति नगर रसूलिया में महिला को एटीएम कार्ड बदलकर ठगों ने 1 लाख 20 हजार रुपए की चपत लगा दी.**

वहीं, इटारसी थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी कर उसके खाते से 60 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए है.दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. देहात पुलिस के अनुसार, मारुति नगर रसूलिया निवासी ऊषा उइके के एचडीएफसी बैंक एटीएम से रुपए निकालने पहुंची थीं. एटीएम सेंटर पर पहले से मौजूद एक युवक ने महिला से मदद करने की बात कही.

# वन अधिकार कानून पर ग्रामीणों की बैठक

- पेयजल, बिजली और नाली निर्माण की समस्याएँ उठीं
- स्ट्रीट लाइट व अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग

नवभारत न्यूज

**हरदा, 26 जुलाई. जिले की हंडिया तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्याखेड़ी के ग्राम उंढाल में वन अधिकार अधिनियम, 2006 को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में ग्रामीणों को वन अधिकार कानून के तहत मिलने वाले वैधानिक अधिकारों एवं दावा प्रक्रिया की जानकारी दी गई. ग्रामीणों ने वन अधिकार समिति के गठन के लिए शीघ्र ग्राम सभा आयोजित करने का निर्णय लिया. बैठक में ग्रामीणों ने गाँव की विभिन्न समस्याएँ भी सामने रखीं. उन्होंने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन आज तक योजना शुरू नहीं होने से लोगों को शुद्ध पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा है. ग्रामीणों ने स्ट्रीट लाइट की कमी, शासकीय अभिलेखों में नाली निर्माण पूर्ण दर्शाए जाने के बावजूद मौके पर निर्माण नहीं होने तथा इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की. ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूरे गाँव में केवल एक ट्रांसफार्मर होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रहती है, इसलिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जाए.

**प्रसारण** — प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 136वें एपिसोड का रविवार को हुआ प्रसारण

# जिले के 1283 बूथों पर सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 26 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम जिले में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड का जिले के सभी 1283 बूथों पर सामूहिक श्रवण किया गया.**

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए. प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस के वीर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का आह्वान किया. उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ने, पर्यावरण




संरक्षण और 'वोकल फॉर लोकल' के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संदेश दिया. साथ ही युवाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और नवाचारकर्ताओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में योगदान देने का आह्वान किया.

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 136वें एपिसोड को सुनने के लिए जिले में मुख्य स्थ्लों पर कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से श्रवण हेतु आव्हार किया गया था. कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, सांसद, विधायक, जिला एवं मंडल पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सभी ने राष्ट्रहित, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया.

## पचमढ़ी मानसून मैराथन का शुभारंभ

**पचमढ़ी.** लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पचमढ़ी प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया. उन्होंने एमपीटी द्वारा आयोजित पचमढ़ी मानसून मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा देश-विदेश से आए प्रतिभागियों का सम्मान किया. कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया और कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों व विद्यार्थियों के साथ वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सांसद प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया.


